अर्थशास्त्र अध्ययनशाला
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

वित्तीय शिक्षा एवं वित्तीय बाजार कार्यशाला

कार्यशाला प्रतिवेदन

12–13 मार्च 2024

1. कार्यशाला का शीर्षक	वित्तीय शिक्षा एवं वित्तीय बाजार
2. कार्यशाला का स्थान	सेमीनार कक्ष, कला भवन, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)
3. दिनांक	12–13 मार्च 2024
4. आयोजक का नाम	अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.) , **इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउंसिल, पं रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी, रायपुर (छ. ग.)**
5. सहयोगी संस्था	भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एवं नशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्यूरिटी मार्केट मुंबई
6. आवेदनकर्ता	एम. ए. अर्थशास्त्र के विद्यार्थी – कुल 108 विद्याथी 1. अथशास्त्र अध्ययनशाला पं. रविवि रायपुर (छ.ग.) 2. शासकीय दू. ब. महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) 3. शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) 4. डा. राधाबाइ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) 5. शासकीय कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.)

7. कार्यशाला का विस्तृत प्रतिवेदन	अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, पं. रविवि में वित्तीय शिक्षा एवं वित्तीय बाजार विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 12–13 मार्च 2024 को किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एवं नशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्यूरिटी मार्केट मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि तेजी से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था में युवाओं को अपनी भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान परिदृश्य में अर्थव्यवस्था में अधिक पूंजी और निवेश को बढ़ाने के लिए युवाओं को वित्तीय शिक्षा अर्थात् वित्तीय साक्षरता से अवगत कराना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आयोजन सचिव डॉ. सुनील कुमेटी ने कार्यक्रम की महत्ता के बारे में बताते हुए युवाओं में वित्तीय जागरूकता हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चैतन्य कितुर, सेबी एवं एनआईएसएन के प्रतिनिधि के रूप में दो दिन उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय कार्यकम में विश्वविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के अलावा रायपुर शहर के चार अन्य महाविद्यालयों क्रमशः ज. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, दूधाधारी बजरंग कन्या महाविद्यालय, डॉ. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय, एवं शास. कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर से कुल 108 विद्यार्थी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। पहले दिन मुख्य वक्ता डॉ. चैतन्य कितुर ने डीमैट अकाउंट के बारे में बताते हुए निवेश, शेयर

	मार्केट, इक्विटी, गोल्ड ईटीएफ, पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे दिन उन्होंने प्राथमिक व द्वितीयक बाजार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगे म्यूचुअल फंड, एसआईपी, ऑनलाईन टेडिंग एप्प, जोखिम और ऑनलाईन ट्रेडिंग में जागरूकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंत में उन्होंने पूंजी बाजार में सेबी के महत्व और कार्यप्रणाली के बारे में उपस्थित छात्र–छात्राओं को जानकारी दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक विज्ञान संकाय रविवि की डीन प्रो. मीता झा उपस्थित थी। सर्वप्रथम उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अर्थशास्त्र अध्ययनशाला को बधाई देते हुए कहा कि मनोविज्ञान विषय में भी वित्तीय साक्षरता से संबंधित अध्ययन किया जाता है अतः वित्तीय साक्षरता सभी संकाय के छात्र–छात्राओं के लिए अतिआवश्यक है। अंत में प्रो. बी. एल. सोनेकर ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। इस दो दिवसीय वित्तीय शिक्षा एवं वित्तीय बाजार विषय पर कार्यशाला में अर्थशास्त्र अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. रविन्द्र ब्रह्मे, प्रो. रोहिणी प्रसाद, डॉ. अर्चना सेठी, डॉ. प्रगति कृष्णन तथा विश्वविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालय के शोधार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।
8. फोटोग्राफ्स	संलग्न

डॉ. सुनील कुमार कुमेटी
आयोजन सचिव